# हे भगवान! अब आपके मंदिर भी नहीं सुरक्षित

## बीती रात चोर ने नमक चौराहा स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर की दानपेटी काटकर हजारों की राशि चुराई



**सीहोर.** दुःसाहसी चोर ने श्री सिद्ध हनुमान मंदिर की दानपेटी को कटर से काटकर हजारों रुपए की दानराशि पर हाथ साफ कर दिया.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर. पुलिस की रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोर ने सब्जी मंडी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर की दानपेटी को कटर से काटते हुए उसमें रखी हजारों रुपए की दानराशि पर हाथ साफ कर दिया. इससे ठीक एक दिन पहले बिजलीघर चौराहे स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर की दानपेटी काटकर भी चोर नगदी पर हाथ साफ कर गए थे. कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है.**

- चोर मंदिर के चप्पे- चप्पे से था वाकिफ, ऊपर से लाया कटर
- सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत हुई कैद

शहर में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले तत्वों की नजर से अब भगवान के मंदिर भी महफूज नहीं हैं. बीती रात शहर के व्यस्ततम नमक चौराहा स्थित प्राचीन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर एक चोर ने धावा बोला. बताया जाता है कि मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर जाने के लिए चोर ने पहले अपने पास रखी चाबी से ताला खोलने की कोशिश की, लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो उसने ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हो गया.

सूत्रों की मानें तो चोर मंदिर के चप्पे- चप्पे से वाकिफ था. तभी वह मंदिर के प्रथम तल पर गया और वहां एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी कटर मशीन उठाकर नीचे लाया और उसे बिजली के बोर्ड में लगाकर वहां रखी दानपेटी को काटने लगा. लगभग आधे घंटे की कयावद के बाद उसने दानपेटी में इतनी जगह बना ली कि आसानी से उसका हाथ अंदर जा सके. इसके बाद उसने दानपेटी में रखी दानराशि को समेटा और चलता बना. सुबह जब लोगों ने मंदिर के दरवाजे खुले देखे तो मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल कम्मू भैया को सूचना दी. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई.

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो उसमें चोर की करतूत साफ नजर आई. रात दो से तीन बजे के बीच इस वारदात को अंजाम देने के बाद चोर लगभग पचास हजार रुपए की दान राशि लेकर रफूचक्कर हो गया. बताया जाता है कि लगभग दो साल पूर्व भी चोरों ने मंदिर की दानपेटी के ताले चटकाकर उसमें रखी दानराशि पर हाथ साफ कर दिया.पुलिस ने चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है. मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे चोरी के आरोपी को पुलिस शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी. फिलहाल चोरी की वारदात को देखते हुए लोगों में आक्रोश बना हुआ है.

### एक दिन पहले भी दूसरे मंदिर को बनाया था निशाना

नमक चौराहा वाले हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात से एक दिन पहले शुक्रवार की रात को बिजली घर चौराहा स्थित कासट परिवार के लक्ष्मीनारायण मंदिर में भी चोरों ने अपनी करतूत को अंजाम दिया. बताया जाता है कि चोरों ने मंदिर के मेन गेट के ताले चटकाए और अंदर रखी दानपेटी को कटर से काटते हुए उसमें रखी दानराशि पर हाथ साफ कर दिया था. नगर में लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोल दी है. लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश का माहौल भी बना हुआ है.

# पुलिस को आता देख डम्पर छोड़कर भागे चोर



- सोया चौपाल स्थित पेट्रोल पंप से चोरी हुआ था डम्पर
- मंडी पुलिस लगातार कर रही थी डम्पर चोरों का पीछा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** गत पांच जुलाई की रात शहर के सोया चौपाल स्थित एक पेट्रोल पंप से चोरी गए डम्पर को कोतवाली पुलिस ने गुजरात राज्य के गोधरा स्थित एक पेट्रोल पंप से बरामद कर लिया है. संभवतः पुलिस द्वारा लगातार पीछा किए जाने से घबराकर डम्पर चोर पेट्रोल पंप पर ही डम्पर छोड़कर भाग खड़े हुए. शहर की मंडी थाना पुलिस चोरी गए डम्पर को बरामद कर ले आई है.

गौरतलब है कि गत पांच जुलाई की रात सोया चौपाल स्थित एक पेट्रोल पंप पर खड़े डम्पर क्रमांक एमपी 37 7006 को अज्ञात चोर चुरा ले गए थे. उनकी करतूत पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी. उक्त डम्पर ग्राम रायपुरा निवासी भाजपा नेता बलवंत मेवाड़ा का था. अगले दिन छह जुलाई को उन्होंने डम्पर चोरी की शिकायत थाना मंडी में की थी. पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें चोर डम्पर को हाईवे से भोपाल नाका होते हुए मुरली अंडरब्रिज से होते हुए मंडी थाने के सामने से ले जाते देखे गए. मंडी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दो टीमों का गठन कर डम्पर चोरों का पीछा करने रवाना कर दिया था. बताया जाता है कि चोरों का लगातार पीछा कर रहे पुलिस अमले को गरोठ के समीप सुराग मिला कि डम्पर श्यामगढ़ की तरफ गया है.

पुलिस की टीम लगातार पीछा करते हुए श्यामगढ़ पहुंची. वहां लगे टोल प्लाजा के कैमरे में डम्पर आठ लेन से राजस्थान की ओर जाता देखा गया. पुलिस लगातार सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रही थी. गुजरात बार्डर पर टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे में टोल गोधरा की तरफ जाता देखा गया. पुलिस की दोनों टीमों ने गोधरा में सघनता से डम्पर की तलाश की. नतीजतन एक पेट्रोल पंप पर लावारिस हालात में खड़ा डम्पर उन्हें दिख गया. संभवतः पुलिस के लगातार पीछा करने से घबराकर चोर डम्पर पेट्रोल पंप पर खड़ा कर फरार हो गए थे. हालांकि चोरों ने डम्पर पर लगे रेडियम के पट्टे व अन्य पहचान संबंधी सामान नष्ट कर दिया था. इसके बाद भी पुलिस डम्पर को पहचान गई और उसे जब्त करते हुए सीहोर ले आई जहां डम्पर को मंडी थाने में खड़ा किया गया है. सूत्रों की मानें तो डम्पर के साथ एक कार भी चल रही थी, जिसे सभी टोल प्लाजा के कैमरों में भी देखा गया. संभवतः डम्पर चोरों के साथी कार में सवार थे और जब पुलिस का लगातार बढ़ता दबाव देखा तो वह घबराकर डम्पर छोड़कर फरार हो गए. पुलिस अधिकारियों की मानें तो आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इससे पूर्व में भी भाजपा विधायक सुदेश राय के भांजे भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकू का डम्पर चोर ले गए थे, जिसे पुलिस तलाश लाई थी, लेकिन आरोपी हत्थे नहीं चढ़ सके थे.

## एक नजर में



### हादसों से सबक नहीं ले रहे पर्यटक, पुलिस ने दिखाई सख्ती

**नवभारत बुधनी.** बारिश का मौसम, हर तरफ हरियाली और कल कल बहते झरने पर्यटकों को अपनी और खींच रहे हैं. दूसरी और वन क्षेत्र होने के चलते जहां बिना बारिश के भी पहाड़ी नालों में अचानक बाढ़ आ जाती है. जिससे कई बार हादसे हो चुके हैं. इन्हें रोकने के लिए वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने चेतावनी के संकेत भी लगाए हैं और तार फेंसिंग भी की है. लेकिन पर्यटक हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं. लेकिन अब प्रशासन ने ऐसे स्थानों पर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है और स ती भी दिखाई है. गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सतकुंडा और शाहगंज के आसपास दिगंबर वॉटरफॉल सहित अन्य ऐसे स्थानों पर जहां बारिश के मौसम में पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं. उन स्थलों पर आवाजाही पूर्णतया प्रतिबंध की गई है. गडरिया नाला से मिडघाट तक राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास हाल ही में वन विभाग द्वारा तार फेंसिंग करवाई गई है. लेकिन इसके बाद भी प्रतिबंधित क्षेत्र में लोग आवाजाही कर रहे हैं.रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक परिवार सहित सतकुंडा के आसपास मौसम का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं. एसडीएम दिनेश सिंह तोमर और एसडीओपी रवि शर्मा वन विभाग की टीम के साथ मिडघाट क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचे और कड़ाई से यहां आने- वाले लोगों को हिदायत दी ताकि भविष्य में होने वाले हादसों से बचा जा सके.



### माध्यमिक शाला में संस्कृति प्रकोष्ठ सदस्यों ने रौपे पौधे

**नवभारत सीहोर.** गत दिवस शहर के शासकीय माध्यमिक शाला ग्वालटोली के परिसर में कृष्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था संस्कृति प्रकोष्ठ की सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया. इस अवसर पर संस्था के बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए. संस्कृति प्रकोष्ठ की श्रीमती छाया शर्मा ने बताया कि कृष्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था संस्कृति प्रकोष्ठ की सदस्याओं द्वारा प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर के मार्गदर्शन में माध्यमिक शाला ग्वालटोली में पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया. कार्यक्रम में डॉ. जया, सीमा चौहान, तपस्या तिवारी एवं सेतू सहित प्रकोष्ठ की अनेक सदस्य शामिल थीं.



### कैंप लगाकर एवं घर-घर जाकर की जा रही फार्मर रजिस्ट्री

**नवभारत सीहोर.** जिले में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा रहा है. कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से न छूटे. उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह किसानों को योजनाओं से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है. सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा सके. ग्राम पंचायतों, कृषक मित्रों और राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वय से इन शिविरों में किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है. शिविरों में फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है.

# अवैध रूप से समर्थन मूल्य केन्द्र पर बिकने आया मूंग जब्त

- हरदा के व्यापारी का श्यामपुर में मूंग से लदा ट्रक जब्त
- एक किसान के गोदाम में उतार रहे मूंग को प्रशासन ने पकड़ा




**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा.** कलेक्टर के निर्देश पर समर्थन मूल्य केन्द्रों पर नजर रखने वाले स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को सफलता मिल ही गई. दूसरे जिले से समर्थन मूल्य पर बिकने आया सैकड़ों क्विंटल मूंग से लदा ट्रक जब्त कर लिया गया है.

गौरतलब है कि बिचौलियों और व्यापारियों द्वारा किसानों से साठ-गांठ से हर वर्ष हजारों क्विंटल मूंग समर्थन मूल्य पर खपाया जाता है. प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद यह लोग लाखों के बारे न्यारे कर लेते थे, लेकिन इस बार कलेक्टर बालागुरू के ने समर्थन मूल्य पर खरीदी करने वाले केन्द्रों पर नजर बनाए रखने की सख्त हिदायत दी थी. प्रशासन ने समर्थन मूल्य की खरीदी शुरू होने के साथ ही अपने मुखबिर समर्थन केंद्र के आसपास लगा दिए और प्रशासन की यह मेहनत शनिवार को रंग भी लाई. जब हरदा के व्यापारी का ट्रक में लदा 900 बोरी मूंग को ग्राम श्यामपुर निवासी एक कृषक के निजी गोदाम से बरामद किया.

जानकारी के अनुसार गत दिवस शाम को ट्रक से हरदा के एक व्यापारी द्वारा ग्राम श्यामपुर के किसान से सांठ-गांठ कर समर्थन मूल्य पर तुलाने का प्रयास किया जा रहा था. लेकिन मुखबिर की सूचना पर नायब तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा मौके पर ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की गई लेकिन वह सही जबाव नहीं दे सका. जिस कृषक के गोडाउन में माल उतर रहा था वह भी उपस्थित माल का सही ब्योरा नहीं दे पाया. प्रशासन ने माल की जब्ती बनाकर गोदाम मालिक जगदीश आ. मोगा जाट निवासी श्यामपुर की सुपुर्दगी में सौंपा. वहीं प्रशासन ने जप्त कि गई मूंग फसल को हरदा से एक निजी व्यापारी से आयात कर समर्थन मूल्य पर बेचने के प्रयास में कपिल जाट निवासी श्यामपुर बासुदेव रोड पर स्थित टीनशेड से माल को जप्त किया.

### शासन के निर्देश पर हो रही निगरानी

समर्थन मूल्य को लेकर शासन के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा निगरानी के निर्देश अधिनस्थ अमले को दिए गए थे. इसी के चलते शनिवार को अवैध रूप से बिकने आया 900 बोरी मूंग की जप्ति की.

**एमएस रघुवंशी**
एसडीएम, भैरूंदा



## कावड़ियों का जगह- जगह हो रहा स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** रविवार को सोया चौपाल के समीपस्थ कांवड यात्रियों को निशुल्क पेयजल, चाय-नाश्ते के अलावा कांवड लेकर आने वालों के लिए भव्य पंडाल बनाया गया है.

हर साल की तरह आगामी छह अगस्त को शहर के सीवन नदी तट से पं. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी. इस मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. इधर सावन के माह पहले दिन सैकड़ों की सं या में श्रद्धालु विभिन्न नदियों का जल लेकर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचने का सिलसिला जारी है. कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार सावन के पहले सोमवार को शहरी क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर कांवडियों को विश्राम आदि की व्यवस्था के लिए अन्य पंडालों का शुभारंभ के साथ-साथ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर फूल बंगला सजाया जा रहा है.

## नपाध्यक्ष ने वार्ड को दी 30 लाख की सौगात

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** शहर को महानगर की तरह विकसित करने के साथ वार्डों में नालियों और सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है. निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग के अलावा निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्ता से कराया जाए. इसके लिए नपा का अमला सक्रिय है. वहीं भूमि पूजन कार्य नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा कराया जा रहा है.

नपा द्वारा रविवार को वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत तीन सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया. इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि विजेन्द्र परमार सहित अन्य मौजूद थे. इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने क्षेत्रवासियों को 30 लाख की सौगात दी.

नपा द्वारा यहां सीसी रोड़ के निर्माण करने का कार्य शुरू कराया गया. यहां सीसी निर्माण होने के बाद एक व्यवस्थित सड़क दिखाई देगी और आने जाने वाले लोगों की सुविधाओं में इजाफा होगा. इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि श्री परमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में लाखों के कार्य कराए गए है, निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाएगा और तय समय में पूरा कराया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए नपा की पूरी टीम मॉनिटरिंग कर रही है और समय-समय पर ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं. भूमि पूजन के दौरान मु य रूप से नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश कुशवाहा, राहुल राय, लोकेन्द्र वर्मा, आजम नेता के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे.

# गिरफ्तारी से भड़की करणी सेना ने किया हाईवे को जाम

- नारेबाजी करते कार्यकर्ताओं ने जावर जोड़ पर किया जाम
- आष्टा सहित अन्य थानों से आई पुलिस ने संभाला मोर्चा



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर/जावर.** हरदा में करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर की हुई गिरफ्तारी को लेकर रविवार को जिले के जावर जोड़ पर करणी सेना ने आक्रोशित होकर भोपाल-इंदौर हाईवे की सडक़ पर आकर चक्काजाम कर दिया.

चक्काजाम के दौरान सड़क पर वाहन खड़ा कर खुद करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे. इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने से आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई थीं. सूचना मिलने पर जावर थाने से थाना प्रभारी नीता देअरवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति अनियंत्रित होती देख आष्टा से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा. एसडीएम नितिन टाले, एसडीओपी आकाश अमलकर, आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर शांत कराया, तब कही जाकर बड़ी मुश्किल से सडक़ से हटे. चक्काजाम के समय करणी सेना एक ही बात कह रही थी कि जीवनसिंह शेरपुर और उनके साथ जो कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए उनकी जल्दी ही रिहाई हो. एसडीएम, एसडीओपी ने उनको समझाया, तब जाकर गुस्सा शांत हुआ. इसके बाद करणी सेना ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रिहाई की मांग रखी गई. हालांकि पुलिस, प्रशासन ज्यादा सजगता नहीं दिखाता तो यह मामला और बढ़ सकता था. चक्काजाम खुलने के बाद हाईवे सड़क पर थमे वाहनों के पहिए आगे बढ़ सके तब कहीं जाकर लोगों ने भी राहत की सांस महसूस की. मामले में एसडीओपी आकाश अमलकर ने कहा कि हरदा में जीवनसिंह शेरपुर की हुई गिरफ्तारी को लेकर करणी सेना ने जावर जोड़ पर चक्काजाम कर दिया था. जिनको समझाइश देकर जाम समाप्त कराया गया. ज्ञापन भी उनके द्वारा दिया गया है.

**मौसम** रविवार को भी दिन भर होती रही रह- रहकर बरसात

# पिछले साल से सात इंच अधिक बारिश ने जिले को किया तरबतर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** इस बार मानसून मेहरबान है, हर दिन रात के समय तेज बारिश और दिन में मौसम साफ रहने से फसलों की स्थिति बेहतर है, वहीं जलस्त्रोतों में भी पर्याप्त पानी आ गया है.

स्थिति यह है कि जिले में अब तक 391.9 मिमी औसत बारिश हो चुकी है. जबकि पिछले साल मात्र 219.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुई थी. यानी कि करीब 7 इंच ज्यादा बारिश इस साल हुई है. इस तरह जिले में अब तक बारिश का 34.5 फीसदी कोटा पूरा हो चुका है. खास बात यह है कि जिले के जिन क्षेत्रों में पिछले साल अब तक सबसे कम बारिश थी उन्हीं ब्लॉक में इस बार सबसे ज्यादा बारिश रिकार्ड हुई है. भू-अभिलेख शाखा के रिकार्ड पर नजर डालें तो पिछले साल बुदनी में सबसे कम 121 मिमी और रेहटी में 155.2 मिमी बारिश हुई थी. जबकि इस साल बुदनी में सबसे ज्यादा 587 मिमी और रेहटी में 586.8 मिमी बारिश दर्ज हुई है. अच्छी बारिश के कारण जिले के जलस्त्रोतों में भी पर्याप्त पानी आ चुका है. कोलार डेम में का वाटर लेवल 453.74 मीटर पहुंच गया है. यानी कि डेम 50.52 प्रतिशत तक भर गया है.



हालांकि यह स्थिति बहुत अच्छी नहीं है लेकिन पिछले साल अब तक यह डेम का वाटर लेवल 450.91 मीटर था. सीहोर के जमोनिया और भगवानपुरा तालाब में भी पिछले साल की अपेक्षा 2 फीट ज्यादा पानी है, जबकि काहिरी बंधान में 3 मीटर पानी बढ़ गया है. अब पेयजल के लिए परेशानी नहीं होगी.

पिछले पांच साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक इतनी बारिश किसी भी साल में नहीं हुई है. सबसे बड़ी बात यह है कि बुदनी और रेहटी क्षेत्र में बारिश का आधे से ज्यादा कोटा पूरा हो चुका है. बुदनी की सामान्य बारिश 1167.9 मिमी मानी गई है, जबकि यहां अब तक 587 मिमी बारिश हो चुकी है. इसी तरह रेहटी में भी 586.8 मिमी बारिश हो चुकी है. हालांकि अभी रेहटी की सामान्य औसत बारिश तय नहीं है. जिले के आष्टा और जावर में हर साल कम बारिश होती है. मौसम के जानकारों का मानना है कि हवा की जो पट्टिकाएं हैं उनमें आष्टा और जावर की पट्टिका अलग है. यदि राजगढ़ और शाजापुर जिले में ज्यादा बारिश होती है तो आष्टा और जावर में भी ज्याद बारिश होगी. लेकिन सीहोर, इछावर, बुदनी, भैरूंदा और रेहटी क्षेत्र की हवा पट्टिकाएं अलग हैं. इस साल आष्टा में अब तक 244 मिमी और जावर में 209 मिमी बारिश रिकार्ड हुई है.

## ई- अटेंडेंस के विरोध में रैली निकाली

**सीहोर.** रविवार को जिले में भी आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा ई-अटेंडेंस के विरोध में विशाल रैली निकालकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसएलआर को सौंपा गया. ज्ञापन सौंपने वालों में योगिता लोधी, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, शिवनारायण गौर, लखन सिंह मालवीय, राजेश राठौर, राधेश्याम जलवाया, नीलेश राव, लखनलाल महेश्वरी, विजय शंकर यादव, चन्द्रशेखर राठौर, संतोष जोशी, प्रमिला ठाकुर, सुलेखा गौर, उपासना तेकाम, राकेश केलोदिया, महेश पालिवाल, रोशन सिंह, रतनसिंह ठाकुर, बृजनंदन शाक्य, धर्मेंद्र सोलंकी, भोजराज चंद्रवंशी, रमेश वर्मा, राकेश वर्मा, राजकुमार धानक, मेहरबान सिंह गोयल, विक्रम सिंह मालवीय आदि शामिल हैं.